तापमान
अधिकतम 29.2 डिग्री
न्यूनतम 25.6 डिग्री

हरिभूमि
# महासमुंद भूमि

रायपुर, गुरुवार 21 अगस्त 2025

सरायपाली | बसना | पिथौरा | बागबाहरा | तुमगांव | खरियार रोड

12 एनएचएम कर्मचारियों ने रैली निकाल भाजपा...



12 सरकारी सड़क खोद सिंचाई कर रहे किसान



## खबर संक्षेप

### पुरानी रंजिश, मारपीट

**महासमुंद।** ग्राम चिंगरौद में एक व्यक्ति के साथ कुछ लोगों ने पुरानी रंजिश को लेकर मारपीट कर दी। घटना की रिपोर्ट सिटी कोतवाली में दर्ज कराई गई है। पुलिस को प्रार्थी मेघराज बोरे निवासी ग्राम चिंगरौद ने बताया कि 19 अगस्त को वह काम करके अपने घर आया तब उसकी लडकी निहारिका बोरे ने बताया कि गांव का विजय मालेकर उसे देखकर पुरानी रंजिश को लेकर हम लोगों के बारे में अपशब्द बोलता है। जिसके बाद उसे समझाने आरोपी के घर के पास गया। इस पर आरोपी विजय मालेकर, सुखदेव मालेकर, अजय मालेकर व विमला मालेकर ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट की। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296, 3(5), 351(3) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

### बाइक चालक की मौत

**महासमुंद।** मोंगरापाली पुल के पास एक अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक चालक की मौत हो गई। मामले में तेंदूकोना थाने में अज्ञात वाहन के चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि चैतराम ठाकुर पिता मंगल सिंह ठाकुर (45 वर्ष) बिहाझर बागबाहरा 18 अगस्त को अपने भांजे भुनेश्वर ठाकुर की मोटर सायकल एचएफ डिलक्स क्र सीजी 06 जीजे 0644 से अपने नाती को ग्राम पंडरीखार छोड़कर वापस घर बिहाझर जा रहा था। मोंगरापाली पुल के पास मेन रोड में अज्ञात वाहन के चालक द्वारा अपने वाहन को तेज व लापरवाही पूर्वक चलाकर चैतराम को ठोकर मार दी।

## हादसा : ओवरब्रिज के पास दर्दनाक सड़क हादसा

# दिव्यांग बुजुर्ग की मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

नगर के राष्ट्रीय राजमार्ग 353 में सब्जी मंडी के जाने वाले रास्ते के पास बुधवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जिसमें मंडी के समीप निवासी 62 वर्षीय मारुति राव की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद घटना स्थल में अफरातफरी और जाम की स्थिति बन गई।

मिली जानकारी के अनुसार वार्ड क्रमांक 7 पुरानी मंडी निवासी 62 वर्षीय मारुति राव सब्जी मंडी से सब्जी लेकर अपने तीन पहिया वाहन से घर लौट रहे थे। इसी दौरान सुबह करीब 7:30 बजे ट्रक क्रमांक टीएन 56 के 5799 तुमगांव ओवरब्रिज की ओर मुड़ रहा था। इस



दौरान स्कूटी सवार ट्रक की चपेट में आ गया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को अस्पताल भिजवाया। ट्रक को हाइड्रा की मदद से कोतवाली लाया गया तथा चालक को हिरासत में ले लिया गया है। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो तुमगांव ओवरब्रिज के मुहाने पर अक्सर दुर्घटनाएं होती रहती है। यहां वाहनों को मोड़ने और घूमने में कठिनाई होती है।

### हादसे के बाद बनी जाम की स्थिति

हादसे की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। भीड़ और जाम की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने तत्काल ट्रैफिक क्लियर कराया। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। वही हादसे की खबर के बाद से परिजनों में शोक का माहौल है।

## राज्य व केंद्र सरकार की उपेक्षा पूर्ण नीति से महासमुन्द बायपास निर्माण की प्रक्रिया अधर मे: राशि



**महासमुंद।** राज्य व केंद्र सरकार की लचर नीतियों के चलते बायपास निर्माण की प्रक्रिया अधर में लटकी हुई है। इसके चलते शहर सहित संपूर्ण क्षेत्रवासियों की जान जोखिम में है। जानलेवा हादसों का दौर बायपास निर्माण से ही थमेगा। उक्त बातें जारी विज्ञप्ति में पूर्व पालिकाध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने कही। पूर्व पालिकाध्यक्ष महिलांग ने आगे कहा कि केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री ने बायपास निर्माण के लिए आवश्यक दिशा निर्देश अपने पत्र के माध्यम से उनके मांगपत्र के आधार पर दिए थे परंतु राज्य सरकार व संबंधित विभाग के अधिकारी पूर्व व वर्तमान सत्तारूढ़ जनप्रतिनिधियों के अड़ंगेबाजियों के चलते व श्रेय की राजनीति के अहम के चलते आज निर्माण प्रक्रिया कागजों में भी प्रारंभ नहीं हो पाया जो बेहद चिंतनीय है।

## बाइक से गांजा परिवहन दो आरोपी गिरफ्तार

**महासमुंद।** बाइक से गांजा परिवहन करने वाले दो लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 8 किलो गांजा जब्त किया है। मामले में आरोपियों के खिलाफ बागबाहरा थाने में जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस ने बताया कि 19 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली कि एक काले रंग की पेशन प्रो बिना नंबर वाली मोटर सायकल में दो व्यक्ति ओडिशा की ओर से बागबाहरा की ओर अवैध रूप से गांजा लेकर आ रहे हैं। इसके बाद पुलिस ने गुरुदेव धर्मकांटा के सामने एनएच 353 मेन रोड बागबाहरा के पहुंचकर घेराबंदी किया। करीबन आधा-पौन घंटे के बाद बाइक में दो लोग आए। जिन्हें घेराबंदी कर रोका गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर वाहन चालक द्वारा अपना नाम संजय अहाके पिता सुखदेव अहाके (34 वर्ष) ग्राम रानीखेड़ा थाना चिचोली जिला बैतूल मप्र एवं पीछे बैठे व्यक्ति द्वारा अपना नाम परसराम पंद्राम पिता स्व फगना पंद्राम (56 वर्ष) ग्राम रानीखेड़ा थाना चिचोली जिला बैतूल मप्र का रहने वाले बताया। आरोपियों के कब्जे से 8 किलो 100 ग्राम गांजा, कीमत कीमत 1, 20, 000 रुपए, मोबाइल व बाइक जब्त किया गया। आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(ख) एनडीपीएस एक्ट, 3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

## महुआ शराब जब्त

**महासमुंद।** महुआ शराब की बिक्री कर रहे एक व्यक्ति के खिलाफ सरायपाली थाने में जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिसने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम बालसी बदरी पुलिया के पास एक व्यक्ति एक सफेद रंग की प्लास्टिक जरीकेन में हाथ भट्ठी महुआ शराब बिक्री हेतु ग्राहकों की तलाश कर रहा है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी शिवा नानकुन चौहान पिता नानकुन चौहान (24 साल) निवासी नूनपानी के कब्जे से 10 लीटर हाथ भट्ठी महुआ शराब कीमत 2 हजार रुपए को बरामद किया। मामले में आरोपी के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## महंगे दर में खरीदी अवैध भंडारित रेत अब हेराफेरी कर बेचने की प्लानिंग




हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

बिरकोनी, बरबसपुर सहित आसपास के इलाकों में किए गए अवैध रेत भंडारण को खनिज विभाग द्वारा जब्त कर इसकी नीलामी कर दी गई है। लेकिन, जिन ठेकेदारों ने इस नीलामी में भाग लिया उन्होंने इतनी ऊंची दरों पर नीलामी में हिस्सा लिया। जिससे जिला प्रशासन को राजस्व तो मिलेगा। लेकिन, रेत की यह दरें बाजार में प्रचलित दरों से तकरीबन तिगुनी है। ऐसे में इन इलाकों में भंडारित रेत की चोरी होने जैसी घटना होने से इनकार नहीं किया जा सकता। साथ ही यह भी कयास लगाए जा रहे हैं, कि बिना पिटपास ट्रकों की निकासी बढ़ जाएगी।

उल्लेखनीय है कि बिरकोनी में जब्त की गई रेत शासन द्वारा नीलाम कर दी गई। अब प्रशासन द्वारा बिना रॉयल्टी या ओवरलोड वाहनों पर क्या कार्रवाई की जाएगी यह प्रश्न सामने है।

बता दें कि 1 घन मीटर यानी 35.28 घनफीट होता है। एक हाइवा में लगभग 800 घनफीट रेत लोड होगी। बिरकोनी आई ब्लॉक 420 रुपये प्रति घन मीटर में नीलाम हुई है, यानी 11.50 रुपये (रॉयल्टी) प्रति घन फीट में। इसके बाद इसमें रेत की कीमत, लोडिंग चार्ज व अन्य खर्च भी है जो कि इसमें शामिल नहीं है। अन्य स्थानों में रेत की कीमत वर्तमान में स्पॉट में 10 रुपये प्रति घनफीट है। लेकिन, बिरकोनी में रॉयल्टी सहित लगभग 25 रुपये प्रति घन फीट का हो जाएगा। ऐसे में रेत बिकना संभव नहीं होगा और गाड़ी वाले या तो रॉयल्टी की कीमत अदा करेंगे या रेत की। इतनी ऊंची दर पर शासन से खरीदी गई रेत को ठेकेदार या तो बिना रॉयल्टी या लोड रेत से कम मात्रा की रॉयल्टी काटकर बेचने की तैयारी रहेगी।



## बसना के ग्रामीण क्षेत्र परसकोल में दिखा तेंदुआ, वन विभाग अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

- बुधवार सुबह तेंदुआ दिखने से क्षेत्र में मचा हड़कंप

ग्रामीण क्षेत्र परसकोल में बुधवार सुबह तेंदुआ दिखने से हड़कंप मच गया। खेत में काम कर रहे किसानों ने अचानक खेत के मेड़ पर तेंदुआ को देखा तो अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना की जानकारी तत्काल बसना वन परिक्षेत्र निरीक्षक एस.आर. निराला को दी गई। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक तेंदुआ (जिसे ग्रामीण "चीता" कह रहे हैं) वहां से भाग चुका था। ग्रामीणों के शोर मचाने से तेंदुआ नजरों से ओझल हो गया। सुरक्षा को देखते हुए वन विभाग ने आसपास के गांवों को कोतवाल के माध्यम से मुनादी कराकर अलर्ट पर रखा है, क्योंकि, इन दिनों किसान खेतों में काम कर रहे हैं। किसी अनहोनी से बचने के लिए सतर्कता बरतने की अपील की गई है। ग्रामीणों का कहना है कि तेंदुआ सिरको जंगल की ओर भागा है। इसके चलते वन विभाग ने सिरको जंगल क्षेत्र में भी अपनी टीम भेजकर मुनादी कराई। इस घटना को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम मनोज खांडे ने स्कूली बच्चों, बांसूला कॉलेज के छात्रों और गांव से गुजरने वाले लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है। ग्रामीण क्षेत्र में पहली बार तेंदुआ दिखने से लोगों में भय का माहौल है। वहीं वन विभाग की टीम लगातार गश्त कर स्थिति पर नजर बनाए हुए है।






## खबर संक्षेप

### गुड शेफर्ड स्कूल में स्वतंत्रता दिवस का उत्सव

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल में में 79वां स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि माखन पटेल पार्षद वार्ड नंबर 10, द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने और राष्ट्रगान गाने के साथ हुई। अनुज सोना के निर्देशन में विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत हर कर्म अपना करेंगे की प्रस्तुति से देशभक्तिपूर्ण माहौल बना दिया, मनीषा निर्मलकर के निर्देशन में सुनो गौर से गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया गया। हायर सेक्शन के सुजीत थापा ने ₹लहरा दो₹ गीत पर कल्पना एवं ग्रुप, वैष्णवी एवं ग्रुप ने देशभक्ति से ओतप्रोत नृत्य प्रस्तुत किया। शाला नायक विवेक पटेल तथा शाला नायिका इशरत बानो ने भाषण प्रस्तुत किया और देश की आज़ादी एवं अक्षुण्णता को बनाए रखने का संकल्प लिया और शहनाज़ व भारती ने भाषण प्रस्तुत कर स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को याद किया। मुख्य अतिथि माखन पटेल ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारी आज़ादी हमारे स्वतंत्रता सेनानियों की बदौलत ही है, हमें हमेशा उनकी महान कुर्बानियों को स्मरण करना चाहिए। प्रधानाचार्य ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को स्वतंत्रता और एकता के मूल्यों को बनाए रखने की प्रेरणा दी। डॉली शर्मा ने इस अवसर पर प्लास्टिक मुक्त देश बनाने हेतु शपथ ग्रहण करवाया एवं मंच संचालन किया।

### आदिवासियों के हितों की रक्षा करने में फेल

**महासमुंद।** आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में बस्तर से लेकर सरगुजा तक पूरे राज्य में धर्मांतरण का मामला गरमाया हुआ है। आजादी के 79 वर्ष बीत जाने के बाद भी प्रदेश के सुदूर आदिवासी अंचलों में आज भी मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। वहां के आदिवासी दो वक्त की रोटी, लचर स्वास्थ्य व्यवस्था, अच्छी शिक्षा का अभाव और नक्सलियों द्वारा आदिवासियों पर किये जा रहे अत्याचार की सरकार द्वारा अनदेखी से ईसाई मिशनरियों द्वारा दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं से प्रभावित होकर मज़बूरी में ईसाई धर्म स्वीकारते है और ज्यादातर सिर्फ चर्च या मिशनरी स्कूल में पढ़ने मात्र से कोई ईसाई नहीं बन जाता, यह भ्रांति है कि ऐसा करने वाले आदिवासियों ने धर्म परिवर्तन कर लिया है। आम आदमी पार्टी का कहना है कि आदिवासियों को सरकार जल, जंगल, जमीन का सही अधिकार दे।

### तीज मिलन समारोह का आयोजन किया गया

**खरोरा।** शहीद स्मारक प्रांगण में अखिल भारतीय पूर्व सैन्य मातृशक्ति महासमुंद इकाई की ओर से तीज मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व सैनिक परिवार की महिलाएं गुलाबी साड़ी में पारंपरिक वेशभूषा धारण कर पहुंचीं और शिव–पार्वती की पूजा-अर्चना की। मनोरंजन एवं सहभागिता के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया। सिक्का कलेक्शन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पूजा चंद्राकर, द्वितीय संपदा चंद्राकर तथा तृतीय स्थान सरला सोनी ने प्राप्त किया। वहीं पूर्व सैनिकों के लिए गुब्बारा संभालते हुए लक्ष्य तक पहुंचने की प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रथम स्थान प्रदीप चंद्राकर और द्वितीय सहदेव ध्रुव को मिला। विजयी प्रतिभागियों को सैन्य मातृशक्ति की अध्यक्ष अंजना चंद्राकर द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में भोजन की विशेष व्यवस्था रही। इस अवसर पर रायपुर से पधारीं अखिल भारतीय सैन्य मातृशक्ति की प्रदेश अध्यक्ष श्यामा साहू विशेष रूप से उपस्थित रहीं। सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इसमें नेवी से सेवानिवृत्त प्रदीप चंद्राकर द्वारा प्रस्तुत भजन और डॉ खिलेश्वरी चंद्राकर का मधुर गीत समारोह का आकर्षण बने।

### खरोरा में मनाया गया अजा एकादशी पर्व

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राममंदिर में महिलाओं ने 19 अगस्त को अजा एकादशी का व्रत रखा। इस दौरान महिलाओं ने पूजा अर्चना की। जिसमें राधिका वैष्णव ने बताया कि इस मौके पर अजा एकादशी का व्रत रखा जाता है।

## आंदोलन : तीसरे दिन महिला कर्मचारियों ने मांगों को हाथों में मेहंदी से उकेरा

# एनएचएम कर्मचारियों ने रैली निकाल भाजपा जिलाध्यक्ष को चुनावी घोषणा पत्र के साथ सौंपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

एनएचएम कर्मचारियों का आंदोलन स्थानीय लोहिया चौक स्थित मंच पर तीसरे दिन भी जारी रहा। इस दिन शांतिपूर्ण रैली निकालकर भाजपा जिलाध्यक्ष येतराम साहू को नारियल एवं चुनावी घोषणा पत्र के साथ अपनी मांगों का ज्ञापन सौंप कर सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए चुनाव मे किए घोषणा के अनुसार उनके मांगों को जल्द पूरा करने की मांग की गई है। वहीं आंदोलन में एनएचएम कर्मचारियों के महिला वर्ग ने अपने हाथों में मांगों को मेंहदी के रूप में उकेर कर एक और अनोखा प्रदर्शन किया।

आंदोलन के दूसरे दिन लोहिया चौक में पीएम, सीएम विष्णुदेव साय, स्वास्थ्य मंत्री श्यामविहारी जायसवाल, वित्त मंत्री ओपी चौधरी का मुखौटा लगाकर कर्मचारीयों ने प्रदर्शन किया। दरअसल प्रदेशभर के एनएचएम कर्मचारी नियमितीकरण सहित 10 मांगों को लेकर 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन आंदोलन पर चले गए हैं। दूसरे दिन सद्बुद्धि यज्ञ और हनुमान चालीसा का पाठ कर प्रदेश सरकार को सद्बुद्धि देने ईश्वर से प्रार्थना की गई। झमाझम बारिश के बीच लोहिया चौंक स्थित मंच में कर्मचारी आंदोलनरत है। संघ के जिलाध्यक्ष रामगोपाल खूंटे एवं कर्मचारीयों ने कहा कि एनएचएम कर्मचारी अपनी जायज मांगों को लेकर संघर्ष कर रहे है। उन्होंने कहा कि जिले में लगभग 550 से अधिक संविदा स्वास्थ्य कर्मचारी कार्यरत हैं। मोदी की गारंटी के तहत किये चुनावी घोषणा कर्मचारी ग्रेड-पे, समान काम समान वेतन, जॉब सुरक्षा, अनुकंपा, मेडिकल बीमा, चिकित्सा अवकाश जैसी आवश्यक सुविधाओं के लाभ से 20 वर्ष से कार्यरत कर्मचारी वंचित हैं। कई बार मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री और वरिष्ठ



अधिकारियों से मुलाकात कर अपनी जायज मांगें रखीं, लेकिन लगातार अनदेखी की गई। यहां तक की स्वीकृति मिलने के बावजूद आदेश जारी नहीं किए गए, जिससे कर्मचारी आंदोलन करने को विवश हुए।जिले के सरकारी अस्पतालों एवं ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के कई उप स्वास्थ्य केंद्र व अस्पतालों में तालाबंदी होने से मरीजों को दवाइयां उपलब्ध नहीं हो रही है एवं संस्थागत प्रसव प्रभावित हो रहा है, नवजात शिशु वार्ड व पोषण आहार केंद्र बंद है। शुगर, ब्लड टेस्ट, ट्रूनाट, सीबीनाट, बलगम टेस्ट व नेत्र जांच ठप पड़े हुए हैं। स्कूल एवं आंगनबाड़ी स्वास्थ्य परीक्षण बंद है, रूटीन टीकाकरण पूरी तरह प्रभावित हो रहा है। टीबी, मलेरिया, कुष्ठ जैसी बीमारियों के मरीजों को दवाइयां नहीं मिल रही हैं। जिले में स्वास्थ्य विभाग की सभी ऑनलाइन एंट्री कार्रवाई ठप हो चुका है। जिलाध्यक्ष रामगोपाल खूंटे, डॉ देवेंद्र साहू, ऐकेश्वर शुक्ला, डॉ तोयस चंद्राकर, डॉ अजय सिंह ठाकुर, डॉ मधुराज देवांगन, अनसुमन चंद्राकर, गेवेंद्र नौरंगे, सुरेंद्र चंद्राकर, परमेश्वर सेन, प्रवीण नागदेवे, दुधेश पटेल, पूर्णिमा चंद्राकर, घनश्याम पटेल, हिरेंद्र कर, कमला तांडी, पुष्पा महिलांग, कविता चंद्राकर, त्रिवेणी, मेघा ताम्रकार, अनसूया कुर्रे, रविंद्र कायशयकर, डिगेश्वरी साहू, आकांक्षा, घृतलहरे, प्रियंका ग्वाल, विजय लक्ष्मी, देव कुमार डडसेना, पल्ल्वी, विनय नाग प्रेम चंद बंजारे, अजित कुर्रे, लक्ष्मी कांत बर्मन एवं अन्य कर्मचारी रैली कार्यक्रम में शामिल हुए।

### ऑल इंडिया योगासन चैंपियनशिप तमिलनाडु में भरत, चिन्मय व देवेंद्र ने जीते पदक

**महासमुंद।** चौथे ऑल इंडिया हठयोग योगासन चैंपियनशिप का आयोजन 8 से 10 अगस्त 2025 तक कोविलपट्टी तमिलनाडु में आयोजित किया गया। जिसमें महासमुंद जिले से छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व करते हुए भरत साहू, चिन्मय साहू, भामिनी साहू, देवेंद्र कुमार दीवान व प्रशिक्षक डॉ. चमन लाल साहू शामिल रहे। चैंपियनशिप में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए 17 से 20 वर्ष आयु वर्ग में भरत साहू पिता चंद्रप्रकाश साहू ग्राम गांजर बागबाहरा ने रजत पदक जीता, 21 से 35 वर्ष आयु वर्ग में देवेंद्र कुमार दीवान पिता टीकम सिंह दीवान ग्राम खल्लारी ने रजत पदक जीता, 13 से 16 वर्ष आयु वर्ग में चिन्मय साहू पिता चन्द्रशेखर साहू ग्राम गांजर ने कांस्य पदक जीता। चैंपियनशिप में पदक जीतने पर येतराम साहू जिला अध्यक्ष, लक्ष्मण पटेल अध्यक्ष जिला योगासन स्पोर्ट्स एसोसिएशन महासमुंद, सचिव गणेश कोसरे, खेल अधिकारी खेल एवं युवा कल्याण मनोज धृतलहरे, सेवन दास मानिकपुरी, कामता साहू, हिरेंद्र देवांगन ने हर्ष जताया है।

## सरकारी सड़क खोद सिंचाई कर रहे किसान

### छिलपावन–बावनकेरा मार्ग दलदल में तब्दील, लोगों को रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

छिलपावन से बावनकेरा मार्ग पर कुछ रसूखदार किसानों की दबंगई ने आम जनता की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। जानकारी के मुताबिक इन किसानों ने अपने निजी खेतों की सिंचाई के लिए सरकारी सड़क को ही खोद डाली और पाइपलाइन बिछाकर पानी ले जाने का इंतजाम कर लिया।

इस लापरवाही और मनमानी का खामियाजा रोजाना आने-जाने वाले राहगीरों को उठाना पड़ रहा है। सड़क पर जगह-जगह बड़े गड्ढे खोद दिए गए हैं, जिससे बरसात का पानी भरकर सड़क दलदल में बदल गई है। बाइक और चारपहिया वाहन



चालकों को रोज़ाना फिसलन और दुर्घटना के खतरे से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग पहले से ही जर्जर हालत में था, लेकिन अब इस अवैध पाइपलाइन ने हालात और बिगाड़ दिए हैं।

#### उठ रहे सवाल

सवाल यह उठता है कि सरकारी संपत्ति को इस तरह नुकसान पहुंचाने वालों पर कार्रवाई क्यों नहीं की जा रही? स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि तुरंत जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए और सड़क की मरम्मत सुनिश्चित की जाए, ताकि राहगीरों को राहत मिल सके।

## धूमधाम से मनाई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी जन्म होते ही बजे घंटे, गूंजे शंख

**बिरकोनी।** बिरकोनी सहित पूरे अचंल में कृष्ण जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया गया। बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला। सुबह से बच्चों में कन्हा के जन्म उत्सव मनाने का भारी उत्साह झलकता रहा। भादो माह में आसमान में काले बादलों का डेरा का सिलसिला रहा। राम जानकी मंदिर में कृष्ण की झांकी सजाई गई। भजन-कीर्तन का भी आयोजन हुआ। कृष्ण भगवान की प्रतिमा के समक्ष सुबह से ही दर्शनार्थियों का आना जाना रहा, भव्य झाकियां सजाई गई एवं आकर्षक सजावट ने श्रद्धालुओं का मनमोह लिया। आचार्य पंडित लक्ष्मीनारायण



महाराज ने भगवान श्रीकृष्ण के जन्म लीला के बारे में भक्तों को बताया गया। सांध्या आरती के पश्चात भगवान के विभिन्न लीलाओं का वर्णन पर किया गया, मंदिर में पूर्व से चली आ रही परंपरा अनुसार भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का पर्व विधि-विधान एंव भक्ति भाव के साथ पूजा अर्चना किया। जैसे ही रात्रि 12 बजे भगवान कृष्ण के जन्म लेते ही, सभी श्रध्दालु भक्तिमय में डूब गये, जन्म लेते ही घंटों और शंखनाद से चारों तरफ का वातावरण गूंजायमान हो गया। घंटे व शंख की स्वर व भक्तों की जय जयकार व आतिशबाजी ने मंदिर को गूंजायमान कर दिया। जिसे देखने वाले श्रद्धालुओं में भारी उत्सव नजर आयी। भजन कीर्तन के बाद श्रीकृष्ण की आकर्षक प्रतिमा का श्रृंगार कर, भगवान का अभिषेक किया एवम भगवान को 56 भोग अर्पण किए। भक्तों को रात्रि 1 बजे फलाहारी व माखन मिश्री का प्रसाद वितरित किया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व भक्ति, उल्लास एवं श्रद्धा पूर्वक मनाया गया।

## बीजेपी सरकार की प्राथमिकता मंत्रिमंडल विस्तार

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस के पूर्व प्रभारी महामंत्री महासमुंद के पूर्व जिला अध्यक्ष अमरजीत चावला ने विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली बीजेपी सरकार की मंत्रिमंडल विस्तार की कवायद और प्रदेश में बिगड़ती कानून



व्यवस्था पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने सरकार को नौटंकीबाज करार देते हुए कहा कि जब छत्तीसगढ़ चाकूबाजी, हत्याओं, ट्रिपल मर्डर, बम ब्लास्ट, गोलीकांड, और नशे के कारोबार की आग में जल रहा है, तब सरकार का ध्यान अपराधों पर अंकुश लगाने के बजाय कुर्सी की सियासत में उलझा है। कांग्रेस नेता चावला ने तंज कसते हुए कहा,प्रदेश में बढ़ता प्रशासनिक आतंकवाद,आरटीओ की लूट,महासमुंद में बढ़ता नशे का व्यापार,भूमाफियाओं का गुंडाराज धमतरी में ट्रिपल मर्डर, रायपुर में डिलीवरी बॉय की चाकूबाजी से हत्या, सूरजपुर में डबल मर्डर, और आए दिन बम ब्लास्ट व गोलीकांड की खबरें—छत्तीसगढ़ तो अब अपराध का अड्डा बन गया है। लेकिन भाजपा सरकार को जनता की सुरक्षा से ज़्यादा मंत्रिमंडल विस्तार का सियासी ड्रामा रास आ रहा है। ये तो वही बात है कि घर में आग लगी हो और लोग दीवाली के पटाखे छुड़ाने की तैयारी कर रहे हों।



## पीएम आवास हितग्राहियों को दूसरी व तीसरी किस्त नहीं दे पा रही भाजपा सरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

पूर्व संसदीय सचिव छ ग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने कहा कि प्रदेश में भाजपा की साय सरकार पीएम आवास हितग्राहियों को आवास की दूसरी किश्त नहीं दे पा रही है। वहीं, पहले से जिनके पक्के मकान है उन्हें आवास हितग्राही बनाकर भ्रष्टाचार को अंजाम दिया



जा रहा है। छत्तीसगढ़ में 18 लाख आवास स्वीकृत करने का श्रेय लेने वाली भाजपा की सरकार हितग्राहियों को पहली किस्त देकर 5-6 माह बाद भी दूसरी व तीसरी किस्त देना भूल गयी है।

प्रदेश के हजारों हितग्राहियों को पहली किस्त मिलने के बाद दूसरी किस्त नहीं दिया जा रहा। कई हितग्राही कर्ज लेकर मकान का निर्माण शुरू किये हैं उन्हें उम्मीद है कि दूसरी किस्त जल्द आएगी और वे काम आगे बढ़ाएंगे। पहली किस्त मिलने के बाद लाभार्थियों ने काम शुरू कर दिया था। दूसरी किस्त में देरी से न केवल उनके सपनों का मकान अधूरा रह गया है बल्कि, आर्थिक संकट भी गहरा गया है।

### गुड शेफर्ड में धूमधाम से मनाया गया जन्माष्टमी उत्सव

**महासमुंद।** गुड शेफर्ड इंग्लिश मीडियम स्कूल में को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी को बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विशेष प्रार्थना सभा से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण के जीवन और उनके उपदेशों की कहानियां प्रस्तुत की। प्रेरणा के निर्देशन में वो है अलबेला गीत पर बच्चों ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया सारा वातावरण श्याममय हो गया। रंग-बिरंगी सजावट, फूलों और रंगोली ने पूरे वातावरण को और भी आनंदमय बना दिया। राधा और कृष्ण के रूप में सजे बच्चों ने अपनी मनमोहक मुस्कान और सुंदर वेशभूषा से सबका दिल जीत लिया।

### कुम्हारी में कृष्ण जन्माष्टमी की धूम, देवकी दीवान हुईं शामिल

**भंवरपुर।** ग्राम कुम्हारी में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व एक अलग अंदाज में मनाए जाने का बहुत ही सुंदर रिवाज बन गया है। जहां पर छोटे बडे,उंच नीच एवं जाति पांति के भेदभाव से दूर कृष्ण चरित्र के अनुरुप मुख्य चौक पर गांव के सभी उपासक शाम पांच बजे से एकत्रित होकर कृष्ण जन्म तक भजन पूजन कर सभी आनंद मे सरबोर रहते है। इसके लिए कृष्ण जन्माष्टमी पर्व युवा समिति का गठन किया गया है। जिससे इस पर्व का पूरा कमान युवक गण ही सम्हालते है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवकी पुरुषोत्तम छत्तीसगढ़िया कृषि सभापति जिपं महासमुंद, अध्यक्षता मधु खुंटे सभापति जपं, बसना, विशिष्ट अतिथि मेघमोती सादराम सिदार सरपंच ग्राम पंचायत कुम्हारी, लवकुमार पटेल पूर्व सरपंच, सोमनाथ पटेल कोषाध्यक्ष भाजपा मंडल भंवरपुर एवं ग्राम प्रमुख लक्ष्मीचरण पटेल उपस्थित थे। मुख्य अतिथि देवकी ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण का चरित्र अद्भुत है। एकता, सदभाव व भाईचारे का संदेश वाहक है। सुख-शांति के लिए ही पापियों का संहार किया। रात्रिकालीन छत्तीसगढ़ी नाचपार्टी गम्मत का आयोजन किया गया। जिसमें समिति के युवा ओंकार पटेल, प्रेमचंद, नंदकिशोर, रामजीत, बालकृष्ण, कमल सिदार, नरेश पटेल, प्रकाश, लोकेश, राजनसिंह, देवनाथ, विक्की, जयराम, नीलांबर, गजपति, विनोद यादव आदि का सहयोग रहा।

## जिला स्तरीय खो-खो में सावित्रीपुर स्कूल के 7 छात्रों का चयन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बसना

विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के शासन के मंशानुरूप शैक्षणिक क्षेत्र के साथ-साथ खेल में भी सहभागिता सुनिश्चित करते हुए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सावित्रीपुर विकासखंड पिथौरा के सीनियर वर्ग बालक में गिरधारी सुनील, जूनियर वर्ग में हेमसागर, सीनियर पालिका वर्ग में नंदिनी, डिलेश्वरी, टिकेश्वरी निषाद तथा जूनियर बालिका वर्ग में किरण यादव चयनित हुए हैं। संस्था के प्राचार्य पी सिदार के अनुसार खेल हमें शारीरिक विकास का अवसर तो उपलब्ध कराता ही है। साथ ही अनुशासन सामूहिक जिम्मेदारी खेल भावना का विकास भी करता है। उन्होंने संस्था के समस्त चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। संस्था की खेल प्रभारी व्याख्याता सविता जलक्षत्री ने प्रतिभागियों की प्रशंसा की एवं निरंतर खेल में भाग लेने को प्रोत्साहित किया। उनके अनुसार खेल हमें जीवन के प्रति एक सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करता है, जो हमें आगामी जीवन की चुनौतियों से जूझने में सहायक होता है1 खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो शारीरिक मानसिक एवं सामाजिक विकास में मदद करता है। यह तनाव कम करने एकाग्रता बढ़ाने और आत्मविश्वास बढ़ाने में भी सहायक है1 इसे करियर के रूप में चयन कर राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर करियर बनाया जा सकता है। सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उनके चयन पर हर्ष जताया।

## नवकिरण के 14 अभ्यर्थियों का अनेक विभागों के विभिन्न पदों पर चयन

**महासमुंद।** जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन एवं रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी महासमुंद के दिशा निर्देश में संचालित नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय महासमुंद का संचालन युवाओं को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी के लिए नियमित रूप से संचालित है।

जारी विज्ञप्ति में डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय ने बताया कि एसबीआई क्लर्क 2024, छत्तीसगढ़ नगर सेना 2024 के फाइनल नतीजे घोषित हुए हैं। जिसमें नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय के कुल 14 अभ्यर्थियों का विभिन्न विभागों के विभिन्न पदों पर चयन हुआ है। इसमें हर्ष देवांगन का चयन एसबीआई क्लर्क के पद पर हुआ है। पूजा गिलहरे, लक्ष्मी पटेल, रितु चंद्राकर, डिगेश्वरी यादव, चांदनी तांडे, आरती लहरे, सुरेखा ध्रुव, रीना ठाकुर, सोनल धीवर, दिनेश्वरी ध्रुव, हितेश ध्रुव, दीपा बरिहा, नीरा देवांगन का चयन नगर सेना के पद पर हुआ है।

ज्ञातव्य है कि नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय से पिछले 5 वर्षों में अब तक 85 से अधिक युवाओं का चयन विभिन्न विभागों के विभिन्न पदों पर हुआ है। इस अवसर पर इस उपलब्धि के लिए विनय कुमार लंगेह कलेक्टर महासमुंद, हेमंत रमेश नंदनवार सीईओ जिला पंचायत महासमुंद, रवि साहू अपर कलेक्टर व नोडल अधिकारी महासमुंद, विजय कुमार लहरे जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद व सदस्य सचिव नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय, एमजी सतीश नायर सहायक संचालक, नंद किशोर सिन्हा, रेखराज शर्मा, डॉ. दुर्गावती भारतीय, अरविंद साहू, लीलाधर सिन्हा, हीना ढालेन, डी.बसंत साव जिला समन्वयक नवकिरण अकादमी व जिला ग्रंथालय, मनोज पुरी गोस्वामी, नवकिरण अकादमी के विषय विशेषज्ञ - चंद्रशेखर साहू, हरिशंकर पटेल, सौरभ जैन, राजदीप साहू, देवेंद्र निषाद, ग्रंथपाल - यश चक्रधारी, भागवत प्रसाद पटेल, विवेक चंद्राकर, परस कमार, सौरभ सोनवानी, टकेश साहू सहित अध्यनरत समस्त अभ्यर्थियों के द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित किया गया। वर्तमान में नवकिरण अकादमी में दो पाली में मॉर्निंग बैच एवं इवनिंग बैच में सीजीपीएससी, व्यापम, एसएससी, बैंकिंग, रेलवे, शिक्षक भर्ती की क्लास सहित आदि प्रतियोगी परीक्षाओं का फाउंडेशन कोर्स संचालित है। साथ ही आरक्षक भर्ती 2025 परीक्षा को ध्यान में रखते हुए नवकिरण अकादमी में टेस्ट सीरीज का आयोजन भी प्रत्येक रविवार को किया जा रहा है। इससे संबंधित जानकारी के लिए कार्यालय नवकिरण अकादमी में आकर संपर्क कर सकते हैं।



### शिशु संस्कार केंद्र में छात्र संघ का गठन किया गया

**महासमुंद।** शिशु संस्कार केंद्र उमा विद्यालय में छात्र संघ का गठन किया गया। जिसमें शाला के छात्र संघ के मनोनित पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गयी। शाला प्राचार्य अवनीश पौलिनस वानी एवं शाला के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे। शाला समिति के अध्यक्ष एवं विद्यालय के प्राचार्य द्वारा छात्र संघ अध्यक्ष एवं अन्य मनोनित पदाधिकारियों को बैच लगाकर पदभार सौंपा गया। जिसमें शाला के पदाधिकारियों का चयन निम्न प्रकार से किया गया। छात्र संघ पदाधिकारियों में अध्यक्ष बालक चिरंजीव बंसोर, अध्यक्ष बालिका ओजस्वी महंती, उपाध्यक्ष (बालक) आदित्य साहू, उपाध्यक्ष (बालिका) करूणा जोशी, सचिव चंचल साहू, सह-सचिव भूमिका दीवान, सांस्कृतिक सचिव खुशहाल साहू, सौम्या सेन, पूजा शर्मा, तोषण साहू, खुशबू साहू, प्रियांशी कुमारी, भार्गवी यादव, डिम्पल सोनी, पंकज ठाकुर, क्रीडा सचिव पीयूष अंबिलकर, वैष्णवी अंबिलकर, टामन यादव, खुशी शर्मा, अंजलि शाह, समीक्षा चंद्राकर, अनुशासन विभाग यरूषा पटेल, मेघा यादव, गजाला खान, रूद्र नामदेव, सोहन पटेल, डिगेश्वरी साहू, कुमकुम चंद्राकर, युवराज साहू, तनुष्का पटेल, विज्ञान प्रभारी गुणेश्वरी पटेल, खुशी स्वाई, पायल स्वाई, उपासना यादव, स्वच्छता सचिव जासवीन साहू, बीनू पटेल, तृप्ति बंजारे, सोनाक्षी, चूडामणि यादव, खोया-पाया विभाग फूलचंद यादव, उपासना कौशिक नियुक्त किए गए। मनोनीत पदाधिकारीयों को शाला समिति के अध्यक्ष एवं पदाधिकारियों ने कर्तव्य पालन की अपेक्षा जताई।

किडनी डायलिसिस उपलब्ध | लेटेस्ट 96 स्लाइस सी.टी. स्कैन मशीन | सर्वसुविधायुक्त ICU & NICU | डिजिटल एक्स-रे, सोनोग्राफी की सुविधा | सभी प्रमुख ऑपरेशन की सुविधा



सर्जरी से जुड़ी सभी सुविधाएं उपलब्ध
- अपेंडिक्स का ऑपरेशन
- बच्चेदानी का ऑपरेशन
- पाइल्स (फ़िस्टुला) का ऑपरेशन
- स्तन में गांठ का ऑपरेशन
- आंतो में रुकावट का ऑपरेशन
- हर्निया व अंडकोष का ऑपरेशन
- फ्रैक्चर एवं हड्डी के समस्त ऑपरेशन
- पथरी एवं मूत्र रोग, प्रोस्टेट ऑपरेशन
- हाइड्रोसील का ऑपरेशन
- पुरुष एवं महिला नसबंदी ऑपरेशन
- थायराइड का ऑपरेशन
- कान पर्दे के छेद का ऑपरेशन

लेप्रोस्कोपिक सर्जरी उपलब्ध
विशेषता :
- छोटे चीरे द्वारा ऑपरेशन
- कम समय में अस्पताल से छुट्टी
- कम रक्तस्राव व कम दर्द वाला ऑपरेशन
- संक्रमण की न्यूनतम संभावना
- कम खर्च

AGRAWAL NURSING HOME MULTISPECIALITY HOSPITAL
अग्रवाल नर्सिंग होम
100 बिस्तरों वाला सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल | 24x7 आपातकालीन सेवा उपलब्ध है
आयुष्मान/राशन कार्ड के अंतर्गत निःशुल्क ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
84618-11000, 77708-68473, 77730-86100 बसना, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
सभी प्रकार के ऑपरेशन की सुविधा प्रतिदिन उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### पटेवा शराब दुकान में 46 लाख का गबन

**झलप।** 16 अगस्त को आबकारी विभाग में हड़कंप मच गया, जब उन्हें पटेवा शराब दुकान में गबन की जानकारी हुई। मिली जानकारी के अनुसार जब 16 अगस्त को एजेंसी कर्मचारी ऑडिट करने भट्टी पहुंचे तो पाया कि देशी और अंग्रेजी दुकान के सुपरवाइजर द्वय जुबैर सिद्दिकी और गोविंद ध्रुव द्वारा पैसों का गबन हुआ है, जिसकी जानकारी अपने उच्च अधिकारी को दी गई। तब आबकारी अधिकारी नितिन बैस और अन्य स्टाफ के द्वारा की जांच की जा रही है। बुधवार को जब जांच पूरी हुई तो पता चला कि 4637000 का गबन हुआ है। गौर तलब है कि शराब भट्टी में बिक्री की निगरानी एवं बिक्री हेतु सुपरवाइजर और सेल्समैन की नियुक्ति प्लेसमेंट एजेंसी ईगल हंटर के द्वारा की जाती है।

### जिले में अब तक 600.6 मिलीमीटर औसत वर्षा

**महासमुंद।** जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2025 से अब तक 600.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा पिथौरा तहसील में 809.6 मिलीमीटर, सरायपाली में 601.7 मिलीमीटर, बागबाहरा में 567.5 मिलीमीटर, बसना में 554.4 मिलीमीटर, कोमाखान में 542.4 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 528.3 मिलीमीटर महासमुंद तहसील में दर्ज की गई। आज 20 अगस्त को 11.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में कोमाखान तहसील में 19.8 मिलीमीटर, बागबाहरा में 15.6 मिलीमीटर, पिथौरा में 14.4 मिलीमीटर, महासमुंद में 9.0 मिलीमीटर, सरायपाली में 7.6 मिलीमीटर एवं बसना तहसील में 1.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

### बोलबम समिति की बैठक 24 को

**महासमुंद।** बोलबम सेवा समिति सिरपुर की बैठक 24 अगस्त रविवार को दोपहर 2 बजे यज्ञशाला में रखी गई है। बैठक में आय-व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा। जानकारी देते हुए थनवार यादव ने समस्त सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है। यादव ने कांवर यात्रा के दौरान मिले सहयोग के लिए जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, लोक निर्माण विभाग, नगर पालिका महासमुंद, पंचायत सिरपुर समेत सभी श्रद्धालुओं और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया है।

### तुमगांव स्कूल में पुस्तकालय परिषद का गठन

**महासमुंद।** शासकीय बालक प्राथमिक शाला तुमगांव में पुस्तकालय परिषद का गठन उत्साहपूर्वक किया गया। बच्चों में पढ़ने की आदत को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रणवीर धीवर और सागर धीवर, मीनाक्षी धीवर को पुस्तकालय परिषद का प्रमुख चुना गया। इस अवसर पर शिक्षक जितेंद्र कुमार साहू ने बच्चों को पुस्तक पढ़ना क्यों जरूरी है विषय पर प्रेरणादायक संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पुस्तकें सिर्फ कहानियां नहीं, बल्कि जीवन का मार्गदर्शन करने वाली सच्ची मित्र होती हैं। उन्होंने विद्यालय के मुस्कान पुस्तकालय के उपयोग की विधि समझाते हुए बच्चों को यह वचन दिलाया कि वे प्रतिदिन पुस्तकों से मित्रता निभाएंगे और सीखी बातें जीवन में अपनाएंगे। संस्था प्रमुख संगीता रात्रे ने कहा कि ज्ञान का दीप जलाएंगे। पढ़ने आगे आए नन्हें पुस्तकप्रेमी बच्चों को गीत, कविता, कहानी, सुवचन सुनाएंगे। कार्यक्रम में बच्चों ने जोश और उमंग के साथ सहभागिता की तथा ज्ञान अर्जन की नई यात्रा शुरू करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख संगीता रात्रे, शिक्षक जितेन्द्र कुमार साहू, ज्ञानदान शिक्षक कुमारी प्रभा कोसले, ईको क्लब मिशन फॉर लाइफ क्लब के सदस्य मौजूद रहे।

# संकुल केंद्र गड़बेड़ा में सामाजिक अंकेक्षण ट्रेनिंग, जिला टीम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा (ग्रामीण)

मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत संकुल केंद्र गड़बेड़ा में आयोजित सामाजिक अंकेक्षण प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिला मॉनिटरिंग टीम ने निरीक्षण किया।

प्रशिक्षण के अवलोकनकर्ता एवं जिला मास्टर ट्रेनर ओमनारायण शर्मा ने शिक्षकों से रूबरिक्स पर चर्चा करते हुए गुणवत्तायुक्त शिक्षा पर बल दिया। वहीं डाइट महासमुंद के व्याख्याता राजेश चंद्राकर ने कहा कि यह अभियान स्कूल शिक्षा विभाग का अत्यंत महत्वपूर्ण प्रयास है,



इसलिए विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित की जानी चाहिए। निरीक्षणकर्ता एवं डाइट प्राचार्य विजय खंडेलवाल ने शिक्षकों से विद्यालय व शौचालय की स्वच्छता बनाए रखने, सिलेबस अनुसार पढ़ाई कराने और रूबरिक्स के मानकों पर खरा उतरने का आह्वान किया। इस अवसर पर संकुल केंद्र गड़बेड़ा के नोडल प्राचार्य नंदकुमार चौधरी ने प्रशिक्षण दिया। कार्यक्रम में प्रधान पाठक दयाराम पटेल, सरस्वती पटेल, मिडिल स्कूल कसाहीबाहरा के संस्था प्रमुख हेमंत खुटे, प्रधान पाठक हितेश पटेल सहित शिक्षकगण पवन पटेल, कृष्णा कुमार ध्रुव, बेदराम सिन्हा, ललिता मार्कंडेय व लक्ष्मी पटेल उपस्थित रहे।

## एसडीएम ने किया खाद दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण



**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार अनुविभाग बागबाहरा में कृषि एवं खाद दुकानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बागबाहरा उमेश कुमार साहू, तहसीलदार नितिन कुमार ठाकुर एवं राजस्व निरीक्षक हरिश्चंद्र बेहरा की टीम द्वारा श्रीगणेश कृषि केंद्र बागबाहरा एवं श्रीहरि कृषि केंद्र बागबाहरा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पॉस मशीन एवं गोदामों के स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया। निरीक्षण के दौरान श्री हरि कृषि केंद्र के गोदाम का विशेष परीक्षण किया गया। इसी अनुक्रम में तहसीलदार कोमाखान हरिश्कांत ध्रुव द्वारा कृषि सेवा केंद्र का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार औचक निरीक्षण की कार्यवाही की जाएगी। किसी भी कृषि केंद्र द्वारा किसानों को अधिक मूल्य पर खाद बिक्री करने या कालाबाजारी की स्थिति में कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# गोपालपुर में 43 छात्राओं को बांटी गई साइकिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पिथौरा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोपालपुर में छत्तीसगढ़ शासन के स्कूल शिक्षा विभाग की महत्वाकांक्षी बालिका शिक्षा प्रोत्साहन के लिए निःशुल्क सरस्वती सायकल वितरण योजना अंतर्गत कक्षा 9वी में अध्ययनरत 43 छात्राओं को निःशुल्क सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उषा पुरुषोत्तम धृतलहरे अध्यक्ष जनपद पंचायत पिथौरा व अध्यक्षता पं. स्वप्निल तिवारी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारतीय जनता युवा मोर्चा छग, विशिष्ट अतिथि के रूप में पुरुषोत्तम धृतलहरे जनपद सदस्य, संजुकला सुशील भोई, जनपद सदस्य, नरेंद्र बोरे निज सचिव विधायक, तिलक यादव अध्यक्ष शाला प्रबंधन एवं विकास समिति, सुशील भोई एवं प्राचार्य आरएन प्रधान मंच में उपस्थित थे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों द्वारा माता सरस्वती की पूजा अर्चना और छात्राओं के वंदना से हुई। तत्पश्चात अतिथियों के



स्वागत के बाद छात्राओं द्वारा स्वागत नृत्य एवं आदिवासी क्षेत्र होने से छात्राओं ने आदिवासी नृत्य प्रस्तुत किया। स्वागत भाषण प्राचार्य आर.एन.प्रधान ने अतिथियों के सम्मान में व विद्यालय की गतिविधियों पर उद्बोधन दिया। मुख्य अतिथि के प्रतिनिधि के रूप में जनपद सदस्य पुरुषोत्तम धृतलहरे ने छात्रों को सरकारी स्कूल में किस प्रकार विशेष योजनाओं का लाभ लेते हुए अपने भविष्य में सफलता अर्जित करें, विस्तार पूर्वक बताया। अध्यक्षीय उद्बोधन में पं.स्वप्निल तिवारी ने प्रेरक प्रसंगों के माध्यम से छात्रों को प्रेरक उद्बोधन दिया। विद्यालय के वरिष्ठ व्याख्याता सुधीर प्रधान ने विद्यालय के उन्नति व छात्र हित में विद्यालय द्वारा कर रहे शिक्षकों के प्रयास और विद्यालय के समस्या निदान के लिए कुछ आवश्यकताओं पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित सभी अतिथियों व पालकों का आभार व्यक्त कर भविष्य में भी इस प्रकार की सहयोग की अपेक्षा किया।संचालन व्याख्याता निराकार पटेल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में संजुकला सुशील भोई द्वारा अपने जनपद के कार्यकाल तक छात्रों के प्रोत्साहन के लिए कक्षा 10वी एवं 12वीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर 2100 रुपए व द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर 1100 रुपए पुरस्कार देने की घोषणा किया। स्वागत नृत्य पर मुख्य अतिथि द्वारा 1100 रुपए व आदिवासी नृत्य से प्रसन्न होकर नरेंद्र बोरे द्वारा 500 रुपए प्रोत्साहन राशि दिया गया। कार्यक्रम में विशेष रूप से पालकों के अलावा परमानंद यादव उपसरपंच, कार्तिक राम सिदार, हेमलाल चौहान, अनिरुद्ध यादव, अंजली अग्रवाल, कांति यादव, विद्यासिनी भोई पूर्व सरपंच, रेखा सोनी, रेवती निषाद सहित शिक्षकगण एलआर सिन्हा, खेमराज पटेल, भागवत डडसेना, नितिन साहू, मंजू जोशी, हेमकुमारी पटेल, धीरेंद्र भोई, भोजराज प्रधान, टीएस ध्रुव, राजाराम पटेल समन्वयक, सिद्धेश्वरी तिवारी, ममता प्रधान, श्वेता ठाकुर, अंजली पटेल, सरिता भोई, कल्पना चंद्राकर, जगबंधु यादव उपस्थित रहे।



## शिक्षक ने कराया न्योता भोज

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला नांदगांव में मंगलवार को शिक्षक पोखन लाल चंद्राकर ने न्योता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक शीला चंद्राकर, शिक्षकगण अजय बंजारे, कमलेश पटेल, लक्ष्मी साहू उपस्थित रहे। शासन का भी उद्देश्य है कि बच्चों को जन्मदिन या शुभ अवसर पर कोई भी व्यक्ति, प्रतिनिधि, पालक, शिक्षक, बच्चों के विकास के लिये पौष्टिक, स्वास्थवर्धक खाना मिल सके।



## सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट में मनाया स्वतंत्रता दिवस

**महासमुंद।** सूर्या नर्सिंग इंस्टीट्यूट में 15 अगस्त को भारत के 79वें स्वतंत्रता दिवस पर एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह के मुख्य अतिथि मोतीचंद बाफना थे। कार्यक्रम में संस्थान के सभी छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण और कर्मचारी उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। जिसके बाद राष्ट्रगान गाया गया। इस अवसर पर छात्रों ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए, जिसमें देशभक्ति गीत, नृत्य, और भाषण शामिल थे। मुख्य अतिथि मोती चंद बाफना ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता के महत्व को रेखांकित करते हुए युवाओं से देश की प्रगति और सेवा में योगदान देने का आह्वान किया। उन्होंने नर्सिंग के क्षेत्र में शिक्षा और नैतिकता के महत्व पर भी जोर दिया। संस्थान के प्राचार्य ने सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं और छात्रों को समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

## स्कूलों के प्रधानपाठकों को दिया गया प्रशिक्षण

**महासमुंद।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान 2025 के अन्तर्गत संकुल केंद्र अमलोर में संकुल आश्रित समस्त शालाओं के प्रधानपाठकों के प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमें संकुल प्राचार्य एवम संकुल समन्वयक के द्वारा सामाजिक अंकेक्षण के रुबिक्स एवमं अंक निर्धारण के नियम, मूल्यांकन के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर लीलाधर सिन्हा विकासखंड शिक्षाधिकारी महासमुंद प्रशिक्षण में उपस्थित होकर नियमित समय में शाला संचालन, मुख्यमंत्री गुणवत्ता अभियान, मध्यान भोजन, बच्चों की नियमित उपस्थिति, ठहराव, शैक्षिक गुणवत्ता पर विस्तृत चर्चा कर मार्गदर्शन दिए। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य प्रतिभा त्रिपाठी, घनश्याम ठाकुर, पीपी पांडेय, घनश्याम ठाकुर, व्हीके तिवारी, बल्लू नेताम, गैंदू राम ध्रुव, खुमान सिंह ध्रुव, बाबूलाल ध्रुव, हृदय ध्रुव, प्रकाश तांडी, मेशकुमार, लखन लाल साहू, अशोक ध्रुव, रूखमणी सहित संकुल के समस्त शिक्षकों की उपस्थिति रही। प्रशिक्षक एवम कार्यक्रम का संचालन जोगिंदर कुमार गिलहरे(समन्वयक) ने किया।



## नवोदय के लिए शिवम का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ घोड़ारी

घोड़ारी निवासी व होटल संचालक संतराम पटेल के पुत्र शिवम पटेल का चयन पीएमश्री नवोदय विद्यालय छिंदपाली सरायपाली के लिए हुआ है। शिवम यहां कक्षा आठ व इससे आगे की पढ़ाई करेगा।



## पचरी में मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी

**झलप।** ग्राम पचरी में कृष्ण जन्माष्टमी पर मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन सरपंच व युवाओं के नेतृत्व में रखा गया। कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम में सबसे पहले राधे-कृष्ण के वेश भूषा में सजे बच्चे को राधे-कृष्ण, राधे-कृष्ण के नारे, आरती, पटाखें, बैंड बाजा के साथ नाचते गाते स्वागत करते हुए गांव भ्रमण करते हुए कार्यक्रम मंच बाजार वार्ड तक लाया गया। उसके बाद राधे- कृष्ण छाया चित्र में पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत गुलाल व पुष्प गुच्छ से किया गया। उसके बाद विभिन्न खेलों मटकी फोड़, कुर्सी दौड़, जलेबी दौड़, नड्डा दौड़, सुई धागा आदि खेलों में बच्चों ने भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। विजेताओं को सरपंच सरिता चुड़ामणी डड़सेना द्वारा पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में दही हांडी फोड़ कर प्रसाद वितरण कर रामायण कार्यक्रम आंचल मानस परिवार रिको का कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम का संचालन हेमंत डड़सेना पूर्व जनपद सदस्य द्वारा किया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सरिता चूड़ामणि डड़सेना सरपंच, चूड़ामणि डड़सेना सरपंच प्रतिनिधि गैंदराम जोशी उपसरपंच, रुद्रा डड़सेना, देवकुमार टंडन, जनक डड़सेना, महेंद्र दीवान, ईश्वरी साहू, टिकेश्वर, हेमंत डड़सेना, पिंटू डोरा, राजेश लहरे, सरजू निषाद, सोहन यादव, प्रीति भगत, भगवती डड़सेना, रमेश मन्नाडे, राजकुमार डड़सेना, बसंत जांगडे, देवा सिन्हा आदि मौजूद रहे।

# सराईपाली सोसाइटी में किसानों को दी गई अनेक जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झलप

प्राथमिक कृषि साख सेवा सहकारी समिति सराईपाली में मोदी सरकार की गारंटी के तहत कृषि के क्षेत्र में सरकार द्वारा चलाये जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। जिसमें मैक्स कंप्यूटराइजेशन के माध्यम से सुसाईटी में सभी प्रकार के लेन देन ऑनलाइन होगा। च्वाईस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से सोसायटी में बिजली बिल, पैन कार्ड, आय-जाति प्रमाण पत्र, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, ट्रेन टिकट, मंदिर दर्शन योजना बुकिंग आदि माईक्रो एटीएम मंर राशि जमा करने निकालने की ऑनलाईन सुविधा, कृषि उपकरण ट्रैक्टर, जेसीबी,



हार्वेस्टर, ट्यूबवेल पम्प, अन्य कृषि उपकरण में ऋण सुविधा, जीरो प्रतिशत ब्याज पर अल्पकालीन केसीसी ऋण, पशुपालन, मछलीपालन के लिए ऋण आदि योजनाओं के बारे में विस्तार से किसानों को बताया गया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से देवेंद्र राय अध्यक्ष, तरुण वर्मा समिति प्रबंधक, परसू यादव कंप्यूटर ऑपरेटर, वेदप्रकाश, ठगेंद्र दीवान, यशवंत साहू,भारत टंडन, पान सिंग, टुमेश्वर दीवान, बुधूराम, लेखराम, चुकेश, साखाराम, कार्तिक, गणेश, सुखराम, गिरेंद्र, फूलसिंग, जीवराखन, गुरु प्रसाद, नरोत्तम, भूषण दीवान, हेमंत, भोला ध्रुव आदि मौजूद रहे।

### स्लम स्वास्थ्य के तहत 64 मरीजों की हुई जांच

**महासमुंद।** शहर के महात्मा गांधी वार्ड क्रमांक 15 में बुधवार को मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत शीतला मंदिर के पास स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन हुआ। इस दौरान 64 मरीजों की जांच हुई जिसमें 52 लोगों का लैब टेस्ट किया गया और 60 मरीजों को आवश्यकतानुसार दवाएं वितरित की गई। इस दौरान प्रोजेक्ट मैनेजर धर्मेंद्र भारद्वाज सहित वार्ड के पार्षद ईश्वरी संजय भोई, मितानिन रजनी भोई, पार्षद धनेंद्र विक्की चंद्राकर, जितेंद्र ध्रुव, राहुल आवड़े एवं विक्की मुश्ताक खान भी मौजूद रहे।

# सरला ने विधानसभा क्षेत्र को दिलाई करोड़ों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरायपाली

भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष, वर्तमान महिला मोर्चा के छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी एवं छत्तीसगढ़ शासन में महिला आयोग के सदस्य सरला कोसरिया के अनुशंसा पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्राम पंचायतों में विकास कार्य हेतु करोड़ों की स्वीकृति प्रदान की है।

सरला कोसरिया ने बताया कि जब से छत्तीसगढ़ में भाजपा की विष्णुदेव साय सरकार सत्ता की बागडोर संभाली है, तब से चहुंओर विकास हो रहा है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और छत्तीसगढ़ के संवेदनशील मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में विकसित छत्तीसगढ़ बनाने का संकल्प पूर्ण हो रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा क्षेत्र के विकास कार्य के लिए 3 करोड़ 46 लाख की स्वीकृति दी है, इसमें ग्राम मुंधा में नाली निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, बलोदा में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख, केंदूढार में सीसी रोड़ हेतु 10 लाख रुपए, भोथलडीह में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, कोटद्वारी में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, भगत सरायपाली में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, खम्हारपाली में सीसी रोड़ हेतु 10 लाख रुपए, सिरबोडा में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, तोरेसिंहा में सीसी रोड़ हेतु 10 लाख रुपए, रिमजी में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, पोटापारा में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, जम्हारी में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 5 लाख रुपए, नूनपनी में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 5 लाख रुपए, कोसमपाली में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, गिरसा में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, आंवलाचक्का में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, बिरकोल में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, काकेनचुवां में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, पाटसेंद्री में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, बेलमुंडी में सीसी रोड निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, जंगलबेडा में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, खरखरी में सीसी रोड निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, टिभुपाली में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, बैदपाली में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपए,



केसराटाल में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, मोखापुटका में सामुदायिक भवन निर्माण हेतु 6 लाख रुपए, मोखापुटका में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, बैतारी में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, चारभाठा में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, बाराडोली में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, चिवराकुटा में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, परसदा में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, जोगीडीपा में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, सलखंड में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए, बुंदेलाभाठा में सीसी रोड़ निर्माण हेतु 10 लाख रुपए। सरला कोसरिया से पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि मैं राष्ट्र प्रथम की भावना को लेकर सरायपाली क्षेत्र के विकास के लिए सदैव तत्पर रहती हूं इस भावना को साकार करने में कोई पद में बने रहना, नहीं रहना इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। मुख्यमंत्री से मिलकर विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए अनेक मांगों को समय-समय रखती आई हूं और उन्होंने हर संभव सहायता करने के लिए आस्वासन दिया है। सरायपाली के साथ-साथ पूरे छत्तीसगढ़ को कांग्रेस ने अपने शासनकाल में पीछे धकेलने का काम किया है, विकास का एक ईंट भी नहीं रख पायी सिर्फ भ्रष्टाचार की बुलंदियों को छूकर कीर्तिमान स्थापित की है। सरायपाली विधानसभा क्षेत्र में पहले भी विभिन्न निर्माण कार्य पुल, पुलिया, सड़क, एनीकट, बांध, जैसे अनेक छोटे बड़े कार्यों की स्वीकृति दी है अब मेरे ग्रामीण प्रवास के दौरान ग्रामीणों ने मांग पत्र सौपी थी, जिसे आज मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने स्वीकृति दी है। जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में उत्साह का मौहाल है। सरायपाली विधानसभा को मिली अनेक विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद आभार करती हूं।

**शपथ पत्र**

मैं शपथकर्ता श्रीमती संगीता बाई आयु 56 वर्ष आधार नंबर- 4938 0447 8023 पति स्व. जीवन लाल कुर्मी निवासी ग्राम- रैताल थाना- खल्लारी तहसील- बागबाहरा जिला-महासमुन्द छ.ग. की हूं, जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करता हूँ-01 यह कि मैं ऊपर लिखे उपरोक्त पते का स्थायी निवासी हूं।

02. यह कि मेरे पति जीवन लाल कुर्मी वल्द स्व.प्रेमनाथ कुर्मी निवासी ग्राम रैताल थाना-खल्लारी तहसील-बागबाहरा जिला महासमुन्द छ.ग. के नाम पर Bajaj Allianz Life POS Goal Suraksha में एक पालिसी जिसका पालिसी संख्या 0401318328 है।

03. यह कि पालिसी धारक पति जीवन लाल कुर्मी वल्द स्व. प्रेमनाथ कुर्मी निवासी ग्राम रैताल थाना-खल्लारी तहसील-बागबाहरा जिला महासमुन्द छ.ग. की मृत्यु दिनांक 24.06.2025 को सोहम मल्टी स्पेशियालिटी हास्पिटल लभराखुर्द, महासमुन्द छ.ग.हो गया है। (साक्ष्य स्वरूप मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न है)

04. यह कि मेरे पति के नाम से जारी द्वारा पालिसी संख्या 0401318328 में नामिनी के रूप में मेरा नाम सनिता चन्द्राकर दर्ज है। उक्त नाम त्रुटिपूर्ण नाम है तथा पति के मृत्यु पश्चात उक्त पालिसी में नामिनी के रूप में नाम त्रुटिपूर्ण दर्ज होने से उसके भुगतान में मुझे असुविधा हो रही है।

05. यह कि मेरे नाम से जारी आधार कार्ड नंबर- 4938 0447 8023 में मेरा नाम संगीता बाई पति जीवन लाल दर्ज है जो सत्य एवं सही है।

06. यह कि पालिसी संख्या 0401318328 में नामिनी के रूप दर्ज नाम सनिता चन्द्राकर एवं आधार कार्ड नंबर- 4938 0447 8023 में संगीता बाई दर्ज होने तथा उपरोक्त दोनो ही नाम एक ही व्यक्ति का है जो सत्य एवं सही है।

07. यह कि मृतक पालिसी धारक जीवन लाल कुर्मी वल्द स्व. प्रेमनाथ कुर्मी के नाम से जारी पालिसी संख्या 0401318328 के समस्त राशि को मुझ नामित शपथकर्ता को भुगतान किया जावे।

08. यह कि भविष्य में उक्त संबंध में किसी भी प्रकार से दावा/आपत्ति होने पर उसकी समस्त जवाबदारी मेरे स्वयं की होगी। अतः यह शपथपत्र उपरोक्त कथनों के सत्यता के समर्थन मे सादर प्रस्तुत है।

**सत्यापन**

मैं शपथकर्ता संगीता बाई आयु- 56 वर्ष आधार नंबर- 4938 0447 8023 पति स्व. जीवन लाल कुर्मी निवासी ग्राम-रैताल थाना-खल्लारी तहसील-बागबाहरा जिला-महासमुन्द छ.ग.। उपरोक्त नामांकित शपथकर्ता एतदर्थ सत्यनिष्ठा से सत्यापित करती हूं कि शपथपत्र में दी गई कंडिका 01 से 08 तक के कथन मेरे निजी ज्ञान एवं विश्वास के अनुसार सत्य एवं सही है, इसमें कोई भी तथ्य गलत/छिपाया नहीं गया है, जिसे आज दिनांक 31 JULY 2025 अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित की।

शपथकर्ता संगीता बाई

## खबर संक्षेप



### पचरी में मनाई गई गुरु बालकदास की जयंती

**झलप।** ग्राम पंचायत पचरी में बलिदानी राजा गुरु बालकदास जयंती बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। जिसमें सबसे पहले जय स्तम्भ में पूजा अर्चना कर आरती गीत व पंथी नृत्य के माध्यम से हुआ उसके बाद ग्राम प्रमुखों द्वारा उदबोधन में गुरु बालक दास बाबा के जीवन पर प्रकाश डाला गया। बाद प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में अलित घृतलहरे, भूषण, लखन टंडन, गैंदराम जोशी, लाला जोशी, अनिल मार्कंडेय, नरेंद्र लहरे, त्रिलोक, राजेश लहरे, कलेश, गोकुल, लक्की, कमल जोशी, राकेश, टिकेश्वर, पिलाबव, ओम निराला आदि उपस्थित रहे।



### अभाविप बागबाहरा कार्यकारिणी गठित

**महासमुंद।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला महासमुंद की बागबाहरा इकाई नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम में विभाग संगठन मंत्री शिवशंकर प्रजापति, विभाग संयोजक अभिषेक पांडे, जिला संयोजक ललित कुमार साहू की उपस्थिति रही। सत्र 2025–26 हेतु बागबाहरा इकाई के नेतृत्व करने हेतु मोहित तिवारी को नगर मंत्री का दायित्व दिया गया। मोहित लगातार 4 वर्षों से विद्यार्थी परिषद के सक्रिय कार्यकर्ता है। नगर सहमंत्री अभिषेक देवांगन, डोगेश साहू नगर महाविद्यालय प्रमुख नगर, विक्रमादित्य विद्यालय प्रमुख, सोशल मीडिया प्रमुख प्रिंस चंद्राकर, राष्ट्रीय कला मंच प्रमुख रूपेश देशकर, एसएफडी प्रमुख विनीत साहू, एफएस प्रमुख आराध्य पांडेय को नगर खेलो भारत प्रमुख बनाया गया।



# कोमाखान में निकाली गई 500 मीटर लंबे तिरंगे के साथ भव्य एवं ऐतिहासिक यात्रा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोमाखान

जिले के अंतिम छोर पर स्थित तहसील मुख्यालय कोमाखान में 500 मीटर लंबी तिरंगा यात्रा निकाली गई। इतनी लंबी तिरंगा यात्रा होने के चलते यह पूरे जिले में आकर्षण का केंद्र रही।

इस तिरंगा यात्रा आयोजन के संयोजक नितिन जैन कोमाखान ने जानकारी देते हुए बताया कि कोमाखान अंचल में पहली बार राष्ट्रीय पर्व पर इस तरह के भव्य ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ है। 500 मीटर लंबे तिरंगे को हजारों की संख्या में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकगण, विद्यार्थीगण, सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि, महिला समिति के सदस्य, व्यापारी वर्ग, ग्राम पंचायत कोमाखान एवं अंचल के जनप्रतिनिधिगणों ने सामूहिक रूप से हाथ में लेकर नगर भ्रमण



किया। देश भक्ति के गगनभेदी नारों एवं डीजे में गानों की धुन के साथ पूरा नगर देश भक्ति के रंग से रंगा रहा। पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू ने इस ऐतिहासिक यात्रा में शामिल सभी लोगों के अंदर अपने उद्बोधन से राष्ट्रप्रेम का संचार करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने आजादी के लिए कुर्बानी देने वाले शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए सभी को राष्ट्र के निर्माण एवं विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। पूर्व जनपद अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर एवं भाजपा नेता हितेश चंद्राकर ने यात्रा में उपस्थित होकर सभी का उत्साहवर्धन किया। शाला विकास समिति के अध्यक्ष हिरेंद्र उपाध्याय ने हजारों की संख्या में यात्रा में शामिल सभी लोगों का आभार माना।

कोमाखान के स्वामी आत्मानंद स्कूल, गुरुकुल विद्यापीठ, कर्मा पब्लिक स्कूल, माय छोटा स्कूल, माय राइजिंग अकैडमी, सरस्वती शिशु मंदिर के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर भाग लिया। कोमाखान अंचल के नेता दुबेलाल साहू, लोचन पटेल, नवीन पटेल, पंकज जैन, परमेश्वर चौधरी, पिलेश्वर पटेल, प्रीतम चौधरी, तुलसी साहू, ईश्वर चंद्राकर, गोरख यादव, हरेश यादव, प्रेमशंकर सिन्हा, लेखमणि पटेल, किरण यादव, उमा सोनी, भीमा साहू, गुलशन सुरमणि, सुकेश नागपुरे, परमेश्वर यादव, मुकेश गुप्ता, दीपेंद्र यादव, नरेंद्र पटेल, नितेश पांडे, समाज सेवी अरुण शुक्ला, पं.अनिल द्विवेदी आदि कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### समस्या : बाजार से ज्यादा दामों में खरीदने को मजबूर

# सोसाइटियों में यूरिया खाद नहीं मिलने से बढ़ी किसानों की परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नर्रा

- 266 की यूरिया 800 से 1000 रुपए प्रति बोरी बिक रही, कालाबाजारी से व्यापारी हो रहे लाल

बरसात लगे ढाई माह बीत गए, लेकिन धान फसल के लिए न पर्याप्त पानी मिला न तालाब भरे। क्षेत्र में मानसून की बेरूखी कहा जाए व खंड वर्षा के चलते किसानों की चिंता बढ़ती जा रही है। उल्लेखनीय यह है कि भादो माह का आधा पखवाड़े बीतने को है,



लेकिन फसल की जरूरत के अनुरूप बारिश अब तक नहीं हुई। इससे धान के पौधों की ग्रोथ रुक गई है। सिर्फ हल्की बारिश से फसल जीवित जरूर है। गांवों के निस्तारी तालाब भी ढंग से भर नहीं पा रहा है। इधर, सोसायटियों में यूरिया खाद नहीं मिलने से किसान ज्यादा दामों में खरीदने को मजबूर है। इस प्रकार ग्राम नर्रा के किसान मंशाराम और कोकड़ी के किसान बसंत साहू ने बताया कि नर्रा सोसाइटी में यूरिया खाद की कमी के कारण किसान चक्कर काट रहे हैं, समय पर खाद नहीं मिलने से किसानों को अधिक दाम पर खरीदने को विवश है। वहीं सोसायटी में मिलने वाला 266 रुपए प्रति बोरी यूरिया बाजार में 800 सौ से 1 हजार रुपए में बिक रही है। काला बाजारी कर व्यापारी लाल हो रहे है।

# कॉलेज में हुआ दीक्षांत कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बसना

स्व.जयदेव सतपथी शासकीय महाविद्यालय बसना में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. एसके साव के निर्देशन में विज्ञान, कला एवं वाणिज्य संकाय के प्रथम सेमेस्टर में नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षा आरंभ समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना के साथ की गई। उन्होंने माता सरस्वती के पूजा के साथ दीक्षारंभ कार्यक्रम के माध्यम से शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी देते हुए नई शिक्षा नीति 2020 के तहत लचीले एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के प्रति विद्यार्थियों का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने बताया कि एनईपी 2020 गत वर्ष से हमारे छत्तीसगढ़ राज्य की उच्च शिक्षा विभाग में लागू किया गया है। जिसके तहत महाविद्यालय में दीक्षा आरंभ समारोह का आयोजन किया जाता है। दीक्षा आरंभ का अर्थ है शिक्षा की शुरुआत करना। इसके पश्चात उन्होंने एनईपी 2020 के बारे में बताते हुए कहा कि यह एक



महत्व कांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य भारतीय शिक्षा प्रणाली की पुरानी व्यवस्थाओं को परिवर्तित कर शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना है। यह प्रणाली छात्र केंद्रित और बहुविषयक है। प्राचार्य ने विद्यार्थियों के स्वर्णिम भविष्य की आशा करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। पश्चात राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी एनके प्रधान ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रत्येक छात्र चाहे वह कला, वाणिज्य या विज्ञान संकाय का हो उसे अन्य संकायों की विषयों की अध्ययन करने की स्वतंत्रता है। एनईपी 2020 के तहत विद्यार्थी मल्टीपल एंट्री एवं मल्टीपल एग्जिट कर सकते हैं। यदि कोई विद्यार्थी1 वर्ष की अध्ययन के पश्चात एग्जिट करता है तो उसे सर्टिफिकेट, दो वर्ष के पश्चात डिप्लोमा, 3 वर्ष के पश्चात डिग्री तथा 4 वर्ष पूर्ण होने पर ऑनर्स विथ रिसर्च की उपाधि दी जाएगी। इस अवसर पर प्रथम सेमेस्टर के नवप्रवेशित छात्र छात्राओं को तिलक लगाकर स्वागत किया गया।

# केंदुआ, भंवरपुर एवं तोषगांव में महतारी सदन के लिए 30-30 लाख स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरायपाली

महिलाओं के सामाजिक, आर्थिक एवं राजनीतिक उत्थान के लिए निरंतर प्रयासरत विधायक चातुरी नंद ने क्षेत्र की बहनों को एक बड़ा उपहार दिया है। विधायक के अथक प्रयासों एवं सतत पहल से ग्राम केंदुआ, ग्राम भंवरपुर एवं ग्राम तोषगांव में महतारी सदन निर्माण हेतु प्रत्येक ग्राम को 30–30 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुई है।

विदित हो कि महतारी सदन गांव की महिलाओं के लिए संगठन, बैठक, प्रशिक्षण, स्वरोजगार एवं सामाजिक गतिविधियों का केंद्र बनेगा। यहां पर महिलाओं को स्वरोजगार प्रशिक्षण, सिलाई-कढ़ाई, लघु उद्योग, महिला स्वयं सहायता समूहों की बैठकें एवं सामाजिक-सांस्कृतिक कार्यक्रम संचालित करने की सुविधा मिलेगी। यह सदन महिलाओं को एक मंच देगा, जिससे वे आत्मनिर्भरता की दिशा में तेजी से कदम बढ़ा सकेंगी। मीडिया को जारी प्रेस विज्ञप्ति में विधायक चातुरी नंद ने कहा कि माताओं और बहनों की भागीदारी के बिना किसी भी समाज का विकास अधूरा है। महतारी सदन केवल ईंट-पत्थरों का भवन नहीं, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं की शक्ति, सम्मान और आत्मनिर्भरता का प्रतीक होगा। मेरा लक्ष्य है कि हर गांव की महिलाएं मजबूत हों, संगठित हों और अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए निर्णायक भूमिका निभाएं। उन्होंने आगे कहा कि प्रदेश सरकार की प्राथमिकता महिला सशक्तिकरण को धरातल पर उतारना है और यह स्वीकृति इसी दिशा में एक ठोस कदम है। विधायक नंद ने यह भी कहा कि ग्राम केंदुआ, भंवरपुर और तोषगांव की महिलाओं ने विधायक चातुरी नंद का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस सदन से उन्हें अपनी समस्याओं को साझा करने, योजनाओं की जानकारी लेने और सामूहिक रूप से आगे बढ़ने का एक मजबूत मंच मिलेगा। ग्रामीणों ने इस पहल को मातृ शक्ति के उत्थान की आधारशिला बताया। विधायक ने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि इन महतारी सदनों का उपयोग केवल भवन के रूप में नहीं, बल्कि सामाजिक एकजुटता और रचनात्मक कार्यों की प्रयोगशाला के रूप में करें। उन्होंने महिलाओं से आग्रह किया कि वे स्वरोजगार और आत्मनिर्भरता की दिशा में महतारी सदन को विकास के केंद्र के रूप में स्थापित करें। यह कदम स्पष्ट करता है कि विधायक चातुरी नंद केवल घोषणा नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उनकी यह पहल महिलाओं की प्रगति की नई इबारत लिखेगी और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी। महतारी सदन की स्वीकृति पर केंदुआ क्षेत्र की जनपद सदस्य उषा तेजराम पटेल, तोशगांव क्षेत्र की जनपद सदस्य कुमोदनी भोई, भंवरपुर की सरपंच कृष्ण कुमार सिदार, वरिष्ठ कांग्रेस नेता तेजराम पटेल, बिजातीपाली सरपंच नरेश पटेल, बारा डोली सरपंच, अनिल पटेल, तोषगांव सरपंच मोहित रौतिया, श्रवण पटेल, लीलाकांत पटेल आदि ने हर्ष जताया है।

### ग्राम बिरकोनी और भोरिंग बनाए जाएंगे महतारी सदन : योगेश्वर



**महासमुंद।** प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए महतारी सदन का निर्माण का कार्य चल रहा है। इस तारतम्य में महासमुंद विधानसभा अंतर्गत 02 नए महतारी सदन को स्वीकृति मिली है। इससे पहले महासमुंद विधानसभा के ग्राम झलप, पटेवा और खट्टी में महतारी सदन को स्वीकृति मिली थी, जिसका निर्माण कार्य जारी है। विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने बताया कि प्रदेश के प्रत्येक ग्राम पंचायतों में ग्रामीण महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने के साथ महिला सशक्तिकरण के उद्धेश्य से महतारी सदन का निर्माण किया जाना है। इस योजना के अंतर्गत चरणबद्ध तरीके से पूरे प्रदेश के अलग अलग जिलों के गांवों को जोड़ा जाएगा। पहले चरण में महासमुंद विधानसभा के तीन गांव झलप, पटेवा और खट्टी में महतारी सदन को स्वीकृति मिली थी। तीनों स्थानों पर महतारी सदन बनाने का कार्य प्रगति पर है। अब 02 नए महतारी सदन ग्राम बिरकोनी और भोरिंग में बनाए जाएंगे। इससे ग्रामीण महिलाओं को काफी लाभ मिलेगा। उन्होंने आगे कहा कि नए भारत के विकास में महिलाओं की सहभागिता लगातार बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आत्मनिर्भर भारत अभियान महिलाओं की क्षमता को देश के विकास के साथ जोड़ रहा है। प्रदेश के ग्राम पंचायतों में बनने जा रहा महतारी सदन भी इसी दिशा में एक प्रयास है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को रोजगार दिलाने और उनको काम काज के लिए स्थान उपलब्ध कराने के लिए प्रदेश सरकार गांवों में महतारी सदन बना रही है। सदन में कमरा, शौचालय, बरामदा, हॉल, किचन और स्टोर रूम जैसी सुविधाएं रहेगी। पानी के लिए ट्यूबवेल के साथ वाटर हार्वेस्टिंग भी किया जाएगा। महिलाओं की सुरक्षा के लिए इसमे बॉउंड्रीवाल भी बनाए जाएंगे। इस प्रकार महिलाओं के लिए एक ऐसा वातावरण तैयार किया जाएगा, जिसकी सहायता से वे अपना स्वयं का रोजगार कर सकती हैं।

# बड़े साजापाली से खेल्लीडीपा हेडसपाली मार्ग के लिए 3.85 करोड़ की मिली स्वीकृति

## लंबे वर्षों से की जा रही मांग विधायक के प्रयासों से हुई पूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ सरायपाली

विधानसभा क्षेत्र के बड़े साजापाली से खेल्लीडीपा हेडसपाली मार्ग आखिरकार लंबे इंतजार के बाद लोक निर्माण विभाग से प्रशासकीय स्वीकृति मिल चुकी है। विधायक चातुरी नंद के लगातार पत्राचार और विधानसभा में मामला उठाने के बाद लोक निर्माण विभाग ने बड़े साजापाली से खेल्लीडीपा हेडसपाली मार्ग हेतु 3 करोड़ 85 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। लोक निर्माण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन ने साजापाली से खेल्लीडीपा हेडसपाली मार्ग (लंबाई 3.20 किमी) के निर्माण के लिए 3.85 करोड़ की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस संबंध में विधायक चातुरी नंद ने कहा कि लंबे वर्षों से बड़े साजापाली से खेल्लीडीपा हेडसपाली मार्ग की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा की जा रही हैं। सड़क निर्माण हेतु ग्रामीणों के साथ हम विभागीय अधिकारियों से मिलकर प्रशासकीय स्वीकृति हेतु प्रयासरत थें। आम जन की मांग के अनुरूप आखिर कार लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई हैं। विधायक चातुरी नंद ने कहा कि आज यह सिद्ध हो गया कि जनता की आवाज़ अगर सशक्त प्रतिनिधि के माध्यम से दमदार तरीके से उठाई जाए तो सरकार को झुकना ही पड़ता है। यह सड़क सिर्फ सीमेंट-कांक्रीट का ढांचा नहीं है, यह हमारे किसानों के सपनों का रास्ता है, विद्यार्थियों की शिक्षा की राह है और आम जन की रोज़मर्रा की जरूरतों का समाधान है। उन्होंने कहा कि जनता की ताक़त और हमारे प्रयासों से जो काम सालों से लटका हुआ था, वह अब हकीकत बनकर सामने आया है। विधायक नंद ने यह भी कहा कि किसानों को अपनी फसलें समय पर मंडियों तक पहुंचाने में सहूलियत होगी। विद्यार्थियों को सुरक्षित और सुगम आवागमन मिलेगा। ग्रामीण व्यापार, रोजगार और स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच आसान होगी। सरायपाली क्षेत्र का सामाजिक और आर्थिक विकास तेज़ी से आगे बढ़ेगा।



विधायक चातुरी नंद ने कहा कि यह तो सिर्फ शुरुआत है। जब तक सरायपाली क्षेत्र का हर कोना विकास की रोशनी से नहीं जगमगाता, तब तक मेरा संघर्ष जारी रहेगा। जनता ने मुझे आशीर्वाद दिया है और मैं इस क्षेत्र की बेटी होने के नाते उनकी सेवा के लिए चौबीसों घंटे समर्पित हूं। यह सड़क निर्माण की स्वीकृति केवल एक कागज पर हस्ताक्षर नहीं है, बल्कि यह प्रमाण है कि जनता की शक्ति और जनप्रतिनिधि की प्रतिबद्धता मिलकर असंभव को संभव कर सकती है। सड़क निर्माण की स्वीकृति होने पर बड़े साजापाली के सरपंच, बूटी पाली के सरपंच रोहित साहू, विधायक प्रतिनिधि घसिया सिदार, सरपंच हरदा पुरुषोत्तम साहू, वरिष्ठ कांग्रेस नेता रतन बंजारा, गिरवर वारे, विष्णु दास, सोनसाय बरिहा, टोपचंद पटेल सहित स्थानीय ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की स्वीकृति हेतु विधायक चातुरी नंद का आभार जताया है।

### शहीद घनश्याम कन्नौजे की पुण्यतिथि आज

**महासमुंद।** शहीद घनश्याम कनौजे की 14वीं पुण्यतिथि 21 अगस्त को मनाई जाएगी। संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ के महासमुंद जिले के बिरकोनी गांव के वीर सपूत घनश्याम कनौजे बीजापुर के भद्रकाली में नक्सली मुठभेड़ में शहीद हो गए थे और हर साल उनकी पुण्यतिथि 21 अगस्त को मनाई जाती है। शहीद घनश्याम कन्नौजे छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल (सीएएफ) की दूसरी बटालियन में आरक्षक थे। 2011 में बीजापुर जिले के भद्रकाली में नक्सल विरोधी के दौरान वे शहीद हो गए थे।

# मुख्यमंत्री से मिला मरार पटेल समाज का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नर्रा

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के आवास में विधायक प्रेमचंद पटेल, प्रांताध्यक्ष बरत राम पटेल के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ मरार पटेल महासंघ के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान समाज के लोग छत्तीसगढ़ में मरार समाज की जनसंख्या का उल्लेख करते हुए यह सर्वे सूची के अनुसार छग राज्य में मरार समाज तीसरे स्थान पर है। इस तरह शाकंभरी बोर्ड, कृषक कल्याण बोर्ड एवं अन्य निगम, मंडल, बोर्ड एवं संगठन में मरार समाज को मिले जगह नया रायपुर में छात्रावास भवन हेतु भूमि आबंटन, छत्तीसगढ़ के जिला मुख्यालयों एवं राजधानी रायपुर के चौक चौराहों का नामकरण मरार समाज के महान संत एवं सामाजिक



कार्यकर्ता महात्मा ज्योतिबा फुले एवं प्रथम महिला शिक्षिका सावित्रीबाई फुले के नाम करण हो। ज्ञात हो कि संगठन में मरार समाज के 80 प्रतिशत कम से कम 20, 30 वर्षो से जुड़े होने के बावजूद स्थान नहीं मिलने पर मरार समाज नाराजगी जताई। सभी बातों को मुख्यमंत्री ने ध्यानपूर्वक सुना और समाज के लोगों को आश्वासन दिया है। इस दौरान पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र नायक, संयोजक लोचन पटेल, पवन पटेल जिला अध्यक्ष मरार समाज महासंघ संयोजक, प्रेम पटेल महासचिव, दुर्गा पटेल, बसंत पटेल, कुंजराम पटेल, रानी पटेल, केजू पटेल, पतिराम पटेल, नागेश्वर पटेल आदि शामिल रहे।




